तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 प्रतिभाओं को निखारने का उत्तम मंच है डीजे डांस ...



14 श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में शामिल हुए खल्लारी ...



## खबर संक्षेप

### नयापारा भलेसर में मड़ई मेला आज

**महासमुंद।** ग्राम नयापारा भलेसर में शनिवार 3 जनवरी को छेरछेरा पुन्नी पर्व पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मामाभांचा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष अजय साहू, उपाध्यक्ष सूदन साहू, सचिव जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष गजेंद्र साहू समेत समिति के सदस्यगण जुटे हुए हैं।

### पेंशनरों ने सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ एवं मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के संयुक्त आह्वान पर जिला महासमुंद में पेंशनरों ने जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम 14 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। इस अवसर पर पेंशनरों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

# केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत बोलेः सिरपुर की गौरवशाली विरासत को मिलेगा विश्व पटल पर स्थान



### सिरपुर,सर्वधर्म समभाव का केंद्र

उल्लेखनीय है कि प्राचीन नाम श्रीपुर महानदी के तट पर स्थित कभी दक्षिण कोसल की राजधानी हुआ करती थी। यहां की खुदाई में 22 शिव मंदिर, 5 विष्णु मंदिर, 10 बौद्ध विहार और 3 जैन विहारों के अवशेष मिलना यह सिद्ध करता है कि यह स्थान सदियों से हिंदू, बौद्ध और जैन धर्मों के शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का केंद्र रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत की प्राचीन सभ्यता और वास्तुकला के प्रतीक सिरपुर को अब वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलने जा रही है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को जिले में स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज की सूची में शामिल कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। नए साल के पहले दिन केंद्रीय मंत्री का सिरपुर आगमन हुआ, जहां हेलीपैड पर स्थानीय सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक प्रभास कुमार सहित जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। मंत्री शेखावत ने अपने दौरे की शुरुआत गंधेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ की, जहां उन्होंने देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।



निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने सिरपुर की प्राचीन वास्तुकला को देख प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य रुप से लक्ष्मण देवालय का निरीक्षण किया है। 6वीं-7वीं शताब्दी का यह मंदिर ईंटों से बनी उत्कृष्ट वास्तुकला का नमूना है। रानी वासटा देवी द्वारा अपने पति राजा हर्षगुप्त की स्मृति में निर्मित यह मंदिर प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। सुरंग टीला परिसर, 7वीं सदी का यह अनूठा मंदिर परिसर, जिसमें 5 अलग-अलग गर्भगृह हैं, प्राचीन इंजीनियरिंग और धार्मिक विविधता एवं शिवलिंग और गणेश प्रतिमा का अद्भुत उदाहरण है। तीवरदेव और आनंद प्रभु कुटी विहार, बौद्ध धर्म के इन केंद्रों का दौरा करते हुए मंत्री ने वहां की नक्काशीदार स्तंभों और विशाल बुद्ध प्रतिमाओं का अवलोकन किया। मंत्री शेखावत ने कहां है कि सिरपुर आकर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। यह आध्यात्मिक नगरी हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा का साक्षात प्रतीक है। यहां की मिट्टी में 5वीं से 12वीं सदी तक का गौरवशाली इतिहास दबा है, जिसे सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### केंद्र और राज्य का साझा संकल्प

इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार, केंद्र के साथ मिलकर सिरपुर के समग्र विकास के लिए ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि आज ही भोरमदेव कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया जा रहा है, जो राज्य के पर्यटन क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ेगा। प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी इस बात को दोहराया कि सिरपुर को विश्व पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने के लिए वित्तीय और तकनीकी संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

### संरक्षण, संवर्धन और कनेक्टिविटी पर जोर

केंद्रीय मंत्री ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन स्थलों के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना उनका संरक्षण किया जाए। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा के लिए योजनाओं पर बल दिया जिसमें बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सिरपुर को प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए परिवहन के साधनों का विस्तार। बुनियादी ढांचा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सड़कें, स्पष्ट साइन बोर्ड, सूचना केंद्र और स्वच्छता प्रबंधन। स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए हाट बाजार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पर्यटन के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन की संभावनाओं पर जोर दिया।

### वसूली प्रक्रिया : जिले में लिंकिंग के जरिए 225 करोड़ रुपए की हुई वसूली

# किसानों को रबी सीजन के लिए मिला 2 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- सहकारी बैंकों द्वारा ऋण वसूली की लिंकिंग व्यवस्था के द्वारा किया जा रहा

जिले में खेती-किसानी की गतिविधियों को बढ़ावा देने और सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन द्वारा अहम कदम उठाए जा रहे हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से जिले के किसानों को रबी फसलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, वहीं खरीफ सीजन के ऋणों की वसूली की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है।

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया है कि जिले में लिंकिंग व्यवस्था के माध्यम से 39 हजार से अधिक किसानों से 225 करोड़ रुपए की ऋण वसूली की गई है। साथ ही, रबी सीजन की तैयारी के लिए 400 से अधिक किसानों को ऋण का वितरण भी कर दिया गया है। सहकारी बैंकों द्वारा ऋण वसूली की लिंकिंग व्यवस्था के द्वारा किया जा रहा है जिससे किसानों और बैंक दोनों के लिए सुविधाजनक साबित हो रही है। इस व्यवस्था के तहत, जब किसान अपनी उपज को सरकारी केंद्रों पर बेचते हैं, तो उनकी ऋण राशि उपज के मूल्य से सीधे समायोजित कर ली जाती है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि जिले के 39 हजार से अधिक किसानों से अब तक 225 करोड़ रुपए की वसूली की जा चुकी है। यह वसूली उन किसानों से की गई है जिन्होंने खरीफ सीजन के दौरान खेती के लिए अल्पकालीन ऋण लिया था। समय पर ऋण की वापसी से जिले की बैंकिंग संरचना मजबूत हुई है, जिससे भविष्य में अन्य किसानों को भी ऋण मिलने में आसानी होगी।





### रबी सीजन के लिए ऋण वितरण शुरू

एक तरफ जहां पुराने ऋणों की वसूली की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ रबी सीजन की फसलों की बोनी के लिए किसानों को आर्थिक मदद दी जा रही है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अभी तक 422 किसान लाभान्वित हुए है जिनको 2 करोड़ 1 लाख 31 हजार रुपए का ऋण वितरण किया गया है। यह ऋण वितरण प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया गया है। किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि लागतों के लिए नकदी और वस्तु के रूप में सहायता प्रदान की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र किसान धन के अभाव में खेती से वंचित न रहे।

### जिले के किसानों में उत्साह

जिला एक कृषि प्रधान जिला है, जहां बड़ी संख्या में लोग खेती पर निर्भर हैं। सरकार की ऋण माफी और रियायती दरों पर ऋण देने की योजनाओं के चलते किसानों का झुकाव सहकारी समितियों की ओर बढ़ा है। रबी सीजन के लिए मिली इस शुरुआती राशि से किसानों को समय पर बोनी करने में मदद मिलेगी। नोडल अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि ऋण वितरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है। आने वाले दिनों में और भी पात्र किसानों को रबी ऋण का लाभ दिया जाएगा।

# राइस मिल मालिक व पिरदा उपार्जन केन्द्र प्रभारी के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

### पिरदा धान खरीदी केंद्र में खपाने लाये गए धान को किया गया ज़ब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- राइस मिल से रात के अंधेरे में चल रहा अवैध धान तस्करी का चल रहा था खेल

पिथौरा विकासखण्ड के धान घोटाले के लिए बहुचर्चित धान खरीदी केंद्र पिरदा में बीती रात अवैध धान तस्करी के गंभीर मामले में बसना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 10:30 बजे लगभग बाहर से अवैध रूप से धान लाकर मंडी परिसर में उतारा जा रहा था। धान को राइस मिल से लाकर खरीदी केंद्र में खपाने की कोशिश की जा रही थी। गांव के कोटवार द्वारा आवाज लगाने तथा एसडीएम व तहसीलदार के निर्देश के बावजूद मंडी गेट नहीं खोला गया। गेट अंदर से बंद रखा गया था। स्थिति की





गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार ललित सिंह ने साहस और तत्परता दिखाते हुए गेट का ताला तुड़वाकर जांच शुरू कराई। इस कार्रवाई में एसडीएम तथा बसना थाना प्रभारी के सहयोग से मौके पर जांच की गई।

अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में धान खरीदी प्रभारी रोहित पटेल एवं मंडी प्रबंधक की अहम भूमिका बताई जा रही है। जब प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो गेट नहीं खोला गया और कई लोग दीवार फांदकर भागते नजर आए। तहसीलदार और एसडीएम के अनुसार सूचना मिलते ही प्रशासनिक दल मौके पर पहुंचा। इस दौरान एक स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 जीएस 8219, दूसरी कार सीजी 06 एचए 8702 तथा धान से भरी गाड़ी सीजी 06 जीआर 8702 मौके पर मिली।

जांच में पाया गया कि यह पुराना धान था, जिसे देर रात मालती राईस मिल से लाकर खरीदी केंद्र में खपाया जा रहा था। पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर लिया है और पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इसी धान खरीदी केंद्र में इसी तरह के मामले का खुलासा हो चुका है, जिससे इस बार सख्त कार्रवाई के संकेत दिए जा रहे हैं। बहरहाल, राइस मिलर्स एवं पिरदा उपार्जन केन्द्र प्रभारी रोहित पटेल के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4 ) 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना लिया है।

### इंडो-नेपाल टेस्ट सीरीज के लिए लक्ष्मी का चयन

**महासमुंद।** बॉल बैडमिंटन महासंघ एशिया के तत्वावधान में आयोजित इंडो-नेपाल टेस्ट सीरीज (पुरुष एवं महिला) का आयोजन 1 से 5 जनवरी तक बीरगंज, काठमांडू एवं बीराट नगर (नेपाल) में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब प्रदेश के तीन खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ। पुरुष वर्ग में कुणाल साहू (भिलाई) एवं नरेंद्र कुमार (कुरूद परखंदा, धमतरी) तथा महिला वर्ग में लक्ष्मी चंद्राकर बेमचा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंची लक्ष्मी चंद्राकर की यह उपलब्धि विशेष रूप से प्रेरणादायक है। लक्ष्मी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा के खेल मैदान से अपनी खेल यात्रा शुरू की।



### 31 दिसंबर की शाम होते ही पूरा जिला उमंग और उत्साह में डूबा रहा

# उत्साह और आस्था के साथ हुआ साल का आगाज मंदिर एवं पर्यटन स्थलों में लगी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बीते वर्ष 2025 को विदा कर नव वर्ष 2026 के स्वागत के लिए जिले के शहर से लेकर गांव तक जश्न का माहौल रहा हैं। 31 दिसंबर की शाम होते ही पूरा जिला उमंग और उत्साह में डूब गया एवं रात में जब सुई का काटा 12 बजे से पार किया तो युवाओं ने केक काटकर और आतिशबाजी के साथ नए साल का अभिनंदन किया, वहीं प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए। जिले के प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्थलों जैसे सिरपुर, कोडार बांध, दलदली और घुंचापाली में साल के शुरुवात में सैलानियों का तांता लगा रहा। दूर-दराज से आए लोग परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक का आनंद लेते दिखे। शहर के मुख्य चौराहों और पिकनिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हुड़दंगियों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखा गया है।

31 दिसंबर की शाम से ही व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शुभकामनाओं का दौर शुरू हो गया। लोग अपने करीबियों को संदेश और वीडियो कॉल के जरिए नए साल की बधाई देते नजर आए। रात के 12 बजते ही आसमान आतिशबाजी की रोशनी से सराबोर हो गया और हैप्पी न्यू ईयर के नारों के साथ साल 2026 का भव्य स्वागत किया गया।





### आस्था के साथ हुई नए साल की शुरुआत

गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को नए साल के पहले दिन जिले में धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ी है। जिले के प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर, घुंचापाली स्थित चंडी मंदिर, दलढली, सिरपुर के गंधेश्वर महादेव और श्वेत गंगा जैसे मंदिरों में लोग दर्शन कर अपने दिन की शुरुआत करेंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा जबरदस्त उत्साह

सिर्फ शहर ही नहीं, बल्कि बागबाहरा, सरायपाली, बसना और पिथौरा जैसे ग्रामीण अंचलों में भी नए साल को लेकर खासा उत्साह रहा है। गांवों में चौपालों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन किया गया है। बच्चों और युवाओं में नए साल को लेकर विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे नए साल का जश्न शालीनता के साथ मनाएं और यातायात नियमों का पालन करें। पिकनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने और पर्यावरण का ध्यान रखने का भी आग्रह किया गया है।

बागबाहरा क्षेत्र स्थित घुचापाली चंडी मंदिर के महाराज बलदाऊ गोस्वामी ने बताया है कि मंदिर में नये साल के अवसर पर सुबह से भक्तों ताता लगा रहा जिसके लिए मंदिर प्रबंधन ने व्यापक इंतीजाम किया रहा है।

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी हुआ राममय, रामजानकी मंदिर में किया दीप प्रज्वलित

**बिरकोनी।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने पर बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में रामलाल की पूर्ण अभिषेक व रामचरित मानस पाठ हुआ। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने सर्वप्रथम मन्दिर में ध्वजारोहण एवम भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के धर्म विग्रह की दिव्य अनुष्ठान रामचरित मानस पाठ एवम महामन्त्र जाप से किया। भगवान श्रीराम का पंच अमृत से पूर्ण अभिषेक व विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। इसे लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। मंदिर में देर शाम तक दीप दान का आयोजन हुआ। सनातन धर्म समिति के सदस्यों ने जय श्रीराम के नाम से दीप उकेरा गया। रामजानकी मंदिर को भगवा झंडे से सजाया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का दिव्य दर्शन महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। शाम को बालिकाओं ने घर के आँगन व मंदिर, सार्वजनिक चबूतरा में रँगोली रोगन व दीप प्रज्वलित कर दीवाली मनाई गई। वर्षगांठ को लेकर बच्चों में उत्साह दिखा। इस अवसर पर सनातम वैदिक धर्म के सदस्य सहित ग्रामीण महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।



### शिक्षक भर्ती को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**महासमुंद।** डीएड/ डीएलड संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक 3052/2025 सहायता अन्य याचिकाओं में पारित आदेश के अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रतिक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने कहा गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

# शब्दों के ही नहीं, विदेशी नीति के भी शिल्पकार थे अटल बिहारी वाजपेई : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी एवं भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय के 164वें जन्म दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उज्जैन में किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ की प्रधान संपादक डॉ. अनिता दुबे एवं विशिष्ट अतिथि रविंद्रनाथ टैगोर विवि भोपाल के अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्नावट रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल रहीं।

इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि विलक्षण काव्य शिल्पी, शब्दों के माध्यम से सत्ता की नींद में कंपन पैदा करने वाले निर्भीक आलोचक, कर्मठ पत्रकार, राष्ट्रभक्त तथा जन-यथार्थ के चतुर चितेरे का नाम है अटल बिहारी वाजपेई। तीखी राजनीतिक चेतना, मानवीय संवेदना, बोलचाल की भाषा का प्रयोग उनके काव्य की विशेषता थी। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर राजनीतिक सफर प्रारंभ करने वाले वाजपेई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के पहले प्रधानमंत्री के रूप में बिना किसी समस्या के 5 वर्ष तक, गैर कांग्रेसियों के रूप में अपनी सेवाएं देते रहें। चूंकि, आजीवन ब्रह्मचर्य धर्म का पालन किया, लिहाजा भीष्म पितामह के नाम से विश्व प्रसिद्ध हुए। इन्होंने पोखरण में पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट कर भारत को सुदृढ़ वैश्विक शक्ति एवं परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में विश्व मानचित्र पर स्थापित कर दिया। उनके कार्यकाल में भारत ने आर्थिक विकास की ऊंचाइयों को स्पर्श किया। उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना आज भी होती है। एक सफल नेतृत्व कर्ता और कुशल राजनेता के रूप में उनकी बेदाग छवि आज के सभी नौसीखिए राजनेताओं के लिए आदर्श है। वे सिर्फ शब्दों के शिल्पकार नहीं थे, अपितु बुनियादी रूप से विदेश नीति के शिल्पकार भी थे। भारतीय विदेश नीति के सिद्धांत और संकल्प का पालन करने वाले एक समावेशी व्यक्तित्व के रूप में अटल बिहारी वाजपेई को युगों युगों तक जमाना याद करेगा।

मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्ञान ही नहीं परिवेश भी महत्वपूर्ण होता है और आज



हमें परिवेश के अंतर्गत हिंदी के प्रति बच्चों को आकृष्ट करना और चुनौतियों से लड़ना सिखाना होगा। विशेष अतिथि ने कहा कि आज हम इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के दो महामानवों अटल और मदन मोहन मालवीय को याद कर रहे हैं। अटल संयुक्त राष्ट्र में अपनी भाषा में बोलते हैं और अटल जी वैश्विक हिंदी के सबसे बड़े दूत हैं। मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस और साहित्यकार डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने अटल के सुशासन की तारीफ़ करते हुए कहा कि राजा को प्रजा के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। संगोष्ठी में शिक्षाविद हरेराम वाजपेयी ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवा के थे और इसीलिए उनका नाम मदन मोहन मालवीय हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. ब्रजकिशोर शर्मा ने कहा कि अटल वस्तुतः संवेदनशील साहित्यकार थे। संगोष्ठी को शिक्षाविद वरुण गुप्ता, डॉ. राजेंद्र पाल, निर्मल कुमार मेहता ने भी संबोधित किया। बीज वक्तव्य राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी भोपाल और स्वागत भाषण आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने दिया। अतिथियों ने राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संचेतना समाचार पत्र और डॉ. मनीष दवे की पुस्तक सुप्रज्ञ कृति का विमोचन किया।

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन के 43वें राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में संस्था के प्रमुख संस्थापक सदस्य ब्रजकिशोर शर्मा, हरेराम बाजपेई, संजय जोहरी, डॉ. प्रभु चौधरी, शीला व्यास, डॉ. पुष्पा चौरसिया का विशिष्ट सम्मान अतिथियों ने किया। वहीं डॉ अनुसुइया अग्रवाल के दिसंबर जन्ममास पर केक काटा गया एवं उन्हें अटल महामना साहित्य सेवा विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। साथ ही देशभर के 55 साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से देवेंद्र चौधरी को कक्षा 12वीं बोर्ड विज्ञान संकाय परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर राष्ट्रीय देव चेतना महासंघ के सहयोग से अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में देश के चयनित साहित्यकार प. रमण त्रिवेदी, माया मेहता मुंबई, हरेराम वाजपेयी इंदौर, डॉ. शिवा लोहारिया जयपुर, डॉ. अमिता दुबे लखनऊ, दिनेश दवे इंदौर, रेवती आलवे मुम्बई, राजेंद्र पाल इन्दौर, अशोक दुबे उज्जैन, कमलनाथ योगी बडनगर, नीलम रानी सक्सैना रामपुर, निर्मलकुमार मेहता मुंबई, विक्रमसिंह चौधरी देवास, डॉ. अरूणा सराफ इंदौर, डॉ. हरीश कुमार सिंह, मानसिंह चौधरी नरवर, पदमचंद गांधी भोपाल, सुंदरलाल मालवीय उज्जैन, प्रियंका गौड़ उज्जैन, अरविंद जैन एवं अंजना जैन उज्जैन, रंजना पांचाल एवं ऋचा तिवारी देवास, श्यामलाल चौधरी उज्जैन, चंद्रशेखर जोशी उज्जैन, डॉ. नूतनकुमारी सिन्हा पटना, डॉ. मनीष दवे इन्दौर, यशोदा वैष्णव रायपुर, विजय जैन उज्जैन, खुशबुसिंह रायपुर, चंद्रसिंह परमार शुजालपुर, रमेशचंद्र शर्मा इंदौरर, डॉ. चंदर सोनाने, डॉ यास्मीन खान भोपाल, डॉ. दक्षा जोशी अहमदाबाद, मेहरबान सिंह चौहान, जितेंद्र चौधरी, आयशा खान, रघुवीर सिंह सिन्हा, विजय जैन आदि की उपस्थिति थी। संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह ने किया और आभार सुंदरलाल मालवीय ने माना।

# बलौदाबाजार के निर्दोष लोगों के केस वापस ले सरकार, विपक्ष करे सहयोग

## पचेड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जयंती समारोह में सतनामी समाज ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास बाबा के 269वीं जयंती पर पचेड़ा में जिला स्तरीय जयंती समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारिकाधीक्ष यादव विधायक खल्लारी, अध्यक्षता दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज व अति विशिष्ट अतिथि में विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, हीरा जोगी वरिष्ठ समाज प्रमुख, तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा, थनेश्वरी प्रहलाद साहू जनपद सदस्य, श्यामा टंडन सरपंच पचेड़ा, सोमनाथ टोंडेकर जिला मीडिया प्रभारी, विजय मिर्चे जिला प्रवक्ता, चंदूलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र व पंचायत तथा ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारी शामिल रहे।

सामूहिक आरती वंदन के पश्चात जोड़ा जैतखाम में भंडारी छन्नू नारंग व सेवानिवृत्त सीईओ एचआर बघेल ने पालों चढ़ाया। समारोह में बलौदा बाजार प्रकरण में जेल जाने वाले छः सामाजिक सेनानी दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, हीरा जोगी, सोमनाथ टोंडेकर, नेतराम जांगड़े, भरत गेंड्रे को मोमेंटो व शॉल भेंटकर सम्मान किया तथा जेल जाने वालों ने अपनी पीड़ा समाज के समक्ष रखते हुए बताया कि वें 10 जून को आयोजित धरना प्रदर्शन में केवल सामाजिक पदाधिकारी होने के कारण शामिल भर हुए थे। किसी प्रकार की हिंसा में शामिल नहीं रहे। फिर भी उनके ऊपर विभिन्न गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।



नेतराम जांगड़े ने बताया कि उस दिन तो वो अपने गांव तरेकेल में ट्रैक्टर से दिनभर खेत की जुताई किया था। सबूत के तौर पर सरपंच व गांव वाले हैं। फिर भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। प्रकरण में शामिल लोगों के बार बार पेशी में जाने पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक क्षति होने पर चिंता जाहिर करते हुए समाज द्वारा सरकार और विपक्षी दलों से 10 जून 2023 को केवल धरना प्रदर्शन में शामिल होने के कारण ही निर्दोष लोगों पर दर्ज अपराधिक प्रकरण को वापस लेने की मांग तेज करने की अपील की। क्योंकि, पुलिस प्रशासन की नीयत पर शंका है, भले ही सरकार शुरू से कहती रही है कि निर्दोष लोगों को छोड़ा जाएगा, लेकिन आज तक उचित पहल नहीं की गई बल्कि उल्टा फास्ट कोर्ट में सुनवाई शुरू करवा दिया है। जिस पर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से प्रथम चरण में शासन-प्रशासन से ज्ञापन सौंपने व दूसरे चरण में अपने अपने क्षेत्र के विधायक सांसद को ज्ञापन सौंपकर मांग करेंगे। इसके बाद भी सरकार विचार नहीं करती हैं तो समाज आगे की रणनीति प्रदेश के सभी संगठन व सर्व समाज के साथ मिलकर रणनीति बनाएंगी।

खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीक्ष यादव ने बलौदाबाजार प्रकरण में समाज की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को सूक्ष्म जांचकर वास्तविक अपराधियों के ऊपर ही केस चलाने व समय रहते निर्दोष लोगों की केस वापस लेने की बात कही। समाज की मांग पर दस लाख की राशि सामाजिक भवन के लिए देने की घोषणा की। समाज में शिक्षा पर जोर देते हुए आरक्षण को सरकारी क्षेत्रों के साथ ही निजी क्षेत्रों में लागू करने की जरूरत बताया। जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने समाज के युवाओं को संगठित रहने एवं रोजगार धंधा अपनाने के लिए प्रेरित किया। साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा की जा रही रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सतनामी समाज अपने ही नहीं अपितु सर्व समाज के हक अधिकारों की आवाज उठाती है। मंच संचालन मानिक टंडन व आभार व्यक्त तीरथ घृतलहरे ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आयोजन समिति अध्यक्ष युवराज गायकवाड़, आमंत्रित अतिथि केशव भारती, संतराम कुर्रे, रामनारायण जांगड़े, शाखाराम साहू, माधो साहू, अशोक सुफल साहू, शत्रुघ्न साहू, शेख अलाउद्दीन खां, अशोक मेघनाद साहू, उपसरपंच मोहन मिरी, पंचगण निर्मला निषाद, सरस्वती यादव, रथकुमारी ढीढी, टिकेश्वरी टंडन, ज्योत्स्ना क्षेत्रपाल, राकेश दुबे, गुलाब साहू, देवानंद साहू, लीला पटेल, किरण साहू, आनंद बाई, मीना साहू, संतोष बंजारे, यशवंत नारंग, राजेंद्र सवई, दिलीप नारंग, वीरेंद्र चतुर्वेदी, खेमराज गायकवाड़, जयलाल, परानु बघेल, कुलिंदर ढीढी, सूरज सोनवानी, भोला मांडले, जितेंद्र टंडन, हेमंत ढीढी, करण बंजारे, कृषमणी, मेघराज, लल्ला, ओमप्रकाश, गैंदराम ढीढी आदि मौजूद रहे।

## मनखे-मनखे एक समान का कौंदकेरा जीवंत उदाहरणः विजय



**महासमुंद।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम कौंदकेरा ग्राम में निवासरत सतनामी समाज के 6-8 परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित करती आ रही हैं, जिसमे पूरे गाँव मे हर्षोल्लास के साथ सर्वसमाज द्वारा जयंती का पर्व मनाया जाता है। इस दिवस गांव के सभी समाज के परिवार में बहन बेटियां तीज त्योहार की भांति अपने मायके आकर कार्यक्रम का हिस्सा बनती है। 1992 से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन 28 दिसम्बर को सर्वसमाज की भूमिका व सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष आयोजित जयंती में मुख्य अतिथि दाऊ विजय बंजारे जिला अध्यक्ष प्रगतिशील छग सतनामी समाज रहे। अध्यक्षता जिला सचिव रेखराज बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि में सुधा योगेश्वर चन्द्राकर जनपद सदस्य, सरपंच रूपसिंग बंजारे, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, योगेश्वर चंद्राकर, पंच प्रकाश ध्रुव, पंच सोहद्रा चन्द्राकर, पंच द्वारिका चन्द्राकर विराजमान रहे।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने सर्वसमाज की भूमिका का प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ग्राम मानवता और गुरु घासीदास बाबा का प्रथम सिद्धान्त मनखे मनखे एक समान का जीवंत उदाहरण है। जिला सचिव रेखराज बघेल ने सतनाम संस्कृति, सात्विक विचार सात्विक जीवन व संस्कार पर अडिग रहने कहा। जनपद सदस्य सुधा चन्द्राकर ने सतनामी समाज के हर सुख-दुख में खड़ा होकर समाज के विकास के लिए योगदान करने बाते कही। ज्ञात हो कि पूर्व सरपंच अन्नू लेखराम चन्द्राकर द्वारा सामाजिक भवन के लिए भूमि सतनामी समाज को प्रदान किया गया है, जिसमें मंगल भवन बनाया गया है। राजेश रात्रे ने शिक्षा के क्षेत्र में समाज द्वारा की जा रही सहयोग से अवगत कराया। कार्यक्रम में जहुर सिंह टंडन, धनऊ बंजारे, जीवन टण्डन, मेहत्तरू टण्डन, सेवक टण्डन, दानी राम, होरीलाल, मोतीलाल चतुर्विदानी, जुगनुराम, हेमदास, कार्तिक, कौशल बंजारे, माला बंजारे, राजकुमारी टण्डन व समाज के साथ ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी गणेश टण्डन ने दी है।

## रास तो जीव का शिव के मिलन की कथाः रामप्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेघ बसंत कॉलोनी में विपिन सविता महंती एवं परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथावक्ता पं रामप्रताप शास्त्री महाराज (कोविद) ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है। लेकिन, वह भगवान को पराजित नही कर पाया, उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या



काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा कि जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन, जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान कृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ हुआ। लेकिन, रुक्मणि को कृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के दौरान आयोजक परिवार ने झांकियां भी प्रस्तुत की।

## विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन






**महासमुंद।** हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के लिए बस्ती के हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर बस्ती पुराना मलेरिया ऑफिस दुर्गा समिति स्थल पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक श्रीवास्तव ने की, जो छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के प्रदेश संगठन मंत्री हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जसवंत साहू खंड कार्यवाहक बागबाहरा ने संघ के इतिहास और संघर्षों पर अपने विचार रखें। अन्य वक्ताओं में आचार्य पंडित नारायण दास वैष्णव और मनोज साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। और हिंदू जागरण की बात कही। कार्यक्रम का समापन मां भारती और श्रीराम की आरती के साथ हुआ। इसके बाद भजन संध्या और महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छन्नू साहू, गोपी कन्नौजे, अशोक ध्रुव, राकेश साहू और लोकू साहू का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन भीमराव बस्ती के बस्ती प्रमुख संजय यादव एवं आभार प्रदर्शन आकाश कन्नौज ने किया।

## शोभायात्रा के साथ 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत कथा हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर में 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन का समापन हवन पूजन, भंडारा के साथ श्रद्धा एवं उत्साह पूर्ण वातवरन में हुआ। इस अवसर पर पूजा पंडाल में विराजित मां दुर्गा के प्रतिमा का शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का रास्ते में श्रद्धालुजनों ने परंपरागत रूप से आरती उतार स्वागत किया। पिछले कुछ वर्षों से यजमानों द्वारा सामूहिक रूप से साल के अंतिम सप्ताह में ऐसे आयोजन नगर में परंपरा का रूप धारण करता जा रहा। स्थानीय अग्रसेन भवन के पास मैदान में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्रीमद्



देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन पंडित वसंत कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बारहवां वर्ष रहा और उल्लेखनीय बात यह है कि एक ही स्थान पर एक ही कथावाचक के इस आयोजन में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या सहभागिता निभा बड़ी सख्या में कथा श्रवण करते हैं। गत वर्ष 108 पोती श्रीमद् भागवत कथा का यहां आयोजन हो चुका है। इस बार यहां 51 यजमानों द्वारा 51 पोथी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया। जिसमें पंडित बसंत कुमार दुबे ने कथा वाचन तथा 51 विद्वान ब्राह्मण पंडितों ने कथा का प्रारायन किया। कथा का समापन हवन के साथ हुआ। जिसमें यजमानों के अलावा श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पंडित नरेंद्र दुबे ने बेदी पूजन से लेकर हवन आदि पूजन वैदिक रीति से संपन्न कराए। उसके बाद नौ कन्याओं का पूजन एवं भोग पश्चात आम भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कथा समापन शोभा यात्रा में यजमान महापुराण ग्रंथ को श्रद्धापूर्वक सर पर रखकर शामिल हुए, जिसका रास्ते में जगह-जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया। समापन पंडित बसंत दुबे के निवास स्थान में हुआ। शाम के समय निकली शोभायत्रा आयोजन स्थल से निकलकर मुख्य मार्ग में गुरुद्वारा से बस स्टैंड होकर लालपुर पहुंचे, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। यजमानों ने बताया श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा आगामी 31 मार्च से 9 अप्रैल तक नैमिषारण्य तीर्थ उत्तर प्रदेश में होगी। कथावाचक पं बसंत कुमार दुबे है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक द्वारिकाधीश

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पलसीपानी मं, आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ।



मुख्य अतिथि विधायक यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक है। क्योंकि, वह हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेल हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेल प्रतियोगिताएं हार-जीत के साथ आत्ममंथन और आगे बेहतर करने की प्रेरणा देती हैं। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है, जिससे पढ़ाई और जीवन दोनों में संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुशल मरकाम, देवधर यादव, लोकसाय मरकाम, सेत राम यादव, हरक राम यादव, खगेश कुमार, योगेश कुमार, रामलाल बरिहा, पुरण सिंग ओटी, ओमप्रकाश यादव, हेमसिंग, उत्तम यादव, जगमोहन यादव आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### कर्तव्यनिष्ठा, समर्पित व उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे खैरानी

**जगदलपुर।** कर्तव्यनिष्ठा, समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी निभाया। उक्त बातें कृषि उपज मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक एवं निर्माण शाखा के कार्यपालन अभियंता आईए खैरानी के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह में कही। इस दौरान श्री खैरानी ने कहा कि सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वभाविक है। मंडी बोर्ड में जहां कार्य रहे वहां के लोगों ने प्यार दिया। कार्यकाल में तालमेल बनाकर काम करने का काम किया है। विदाई समारोह में मंडी बोर्ड एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

### सामान्य सभा 8 को अधिकारी स्वयं आएंगे प्रतिनिधि नहीं

**जगदलपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा 8 जनवरी को आयोजित की जाएगी। दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय जानकारी के साथ यथासमय स्वयं उपस्थित होना होगा और किसी भी स्थिति में उनके प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे। पूर्व में निर्धारित एजेंडा यथावत रहेगा और उसी के अनुरूप चर्चा की जाएगी।

**आयोजन:** इमलीभाठा में भक्तिमय आयोजन के साथ हुआ हिन्दू सम्मेलन

# रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे वर्षगांठ पर राममय हुआ इमलीभाठा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



शहर के इमली भाठा में अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिमा के द्वितीय वर्षगांठ पर रानी लक्ष्मी बाई बस्ती इमलीभाठा, अयोध्या नगर, राम रहीम नगर, रामवाटिका, इन्द्रा कालोनी के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक भक्तिमय वातावरण में रामभक्त झूमते रहे। आयोजन समिति के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि अयोध्या धाम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे वर्षगांठ पर हिन्दू तिथि कुर्म द्वादशी पर स्थानीय राधाकृष्णा मानस मंडली इमलीभाठा, श्रद्धा भक्ति मानस परिवार, बजरंग मानसमंडली हरि कीर्तन मानस परिवार बोडरीदादर विशेषकर दिव्य ज्योति विंध्यवासिनी मानस मंडली नौगढ़ी अरेकेल बसना एवं लोक कलाकार विश्राम यादव मानस परिवार बागबाहरा, रामकुमार साहू, राजेन्द्र राजू चंद्राकर, वीणा साहू, मानस परिवार की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने बताया कि सायंकालीन सत्र में नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा महाआरती कराया गया। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं भारत माता की आरती के समय हजारों की संख्या में भक्तजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के आचार्य मुकेश अहिर, पंचानन शास्त्री, आचार्य नंदलाल के मार्गदर्शन में बाल ब्रम्हचारियों द्वारा एवं गायत्री परिवार महासमुंद के महिलाओं द्वारा शंखनाद एवं महाकाल समिति द्वारा विहंगम डमरुवादन ने विहंगम वातावरण तैयार किया। वहीं कोसरंगी गुरुकुल आश्रम के ब्रम्हचारियों ने विभिन्न करतबों से सभी का हृदय जीत लिया। पश्चात शाम 7 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से पाटेश्वर धाम बालोद से पधारे स्वामी रामबालक दास ने हिन्दूत्व पर विचार रखते हुए हिन्दुत्व का अलख जगाया। प्रमुख वक्ता डॉ. संजीव कर्माकार वशिष्ठ द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं अनिता दानेश्वर सिन्हा द्वारा पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध पर विचार रखा गया। रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक वृन्दावन विद्यालय, मां गायत्री विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के बच्चों ने राममय कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए इस आयोजन को नई ऊचाइयां दी। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रुप से प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, राजेश डडसेना, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, पार्षदगण प्रभा साहू, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, जय देवांगन, भाऊराम साहू, बंटी शर्मा, कृष्णा चंद्राकर, महेश मक्कड़, शोभा शर्मा, रमेश साहू, संघ परिवार के सदस्यगण व योगभवन के सदस्यगण उपस्थित थे।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम की सफलता में आयोजित समिति की ओर से डीआर सोनी, विजय चंद्राकर, लालाराम साहू, सुदामा मिश्रा, तीरथदास वैष्णव, बंशी साहू, हनीश बग्गा, महावीर पवार, राखी शर्मा, जानकी आर्य, महेश, ओमप्रकाश, संतोष देवांगन, राजेश सोनी, छेदीलाल राठौर, नीलमणी चंद्राकर, तुषार पाल, मोनू देवांगन, पूरन, दाऊलाल, गोवर्धन मनकू रौतिया, जीएस ठाकुर, रोशन बग्गा, प्रभा साहू, सविता, दुलारी चंद्राकर, मुन्ना विश्वकर्मा, लेमन महाडिक, नेमी अग्रवाल, खिलावन धनकर, संजना नामदेव, संगीता गोस्वामी जगदीश साहू, विमला चंद्राकर सहित समस्त मोहल्लेवासियों को विशेष योगदान रहा।

# श्रीराम मंदिर के वर्षगांठ पर वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

अयोध्या के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर नगर के विभिन्न वार्डों में रामायण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। नगर के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 में रामायण कार्यक्रम तथा इमलीभाठा में मोहल्लेवासियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। उक्त कार्यक्रमों में नपाध्यक्ष शामिल हुए और भगवान राम की पूजा अर्चना कर नगरवासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की मंदिर समस्त सनातनियों के लिए आस्था का प्रतीक है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जय देवांगन, वार्ड 25 के पार्षद भाऊराम साहू, छेदीलाल राठौर, टेकराम सेन, रतन जायसवाल, आदेश राठौर, यांशु चंद्राकर, महावीर पवार, लालाराम साहू, गोवर्धन साहू, दाऊ लाल अग्रवाल, नीलमणि चंद्राकर, नेमी देवांगन, पुरन देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन तथा वार्ड 25 में विहद पटेल, पुरन साहू, महेश साहू, गौरीशंकर चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, ग्वालु साहू, उत्तम साहू, मुकेश साहू, उमेश साव, गुलशन पटेल, देवेंद्र साहू, प्रमिला चंद्राकर, अनसूया साहू, धनबाई चंद्राकर, फूलबाई राजपूत आदि उपस्थित थे।

## भगवान राम की झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**महासमुंद।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी जिला संगठन एवं राम टोली गंजपारा के तत्वावधान में राम भगवान की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम भगवान की शोभायात्रा बाजा गाजा के साथ गंजपारा के महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्ग अंबेडकर चौक, बिठोबा टॉकीज, महामाया मंदिर चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक से लोहिया चौक भ्रमण कर महाकाल मंदिर में विसर्जित हुई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से अगवाई राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी छत्तीसगढ़ प्रदेश के संगठन मंत्री एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंदराठी, राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मोहनी शर्मा, जिला अध्यक्ष शरद मराठा, वाहिनी के शहर उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर ने की। शोभायात्रा के समापन पर बाल कल्याण परिषद जिला अध्यक्ष संदीप दीवान शामिल हुए।



# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायगढ़ में कल से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन 3 एवं 4 जनवरी को पंजरी प्लांट कलेक्टर कार्यालय के पास रायगढ़ में आयोजित है। उक्त सम्मेलन के लिए प्रांतीय संगठन मंत्री एवं शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय द्वारा राज्यभर के शिक्षकों की एकजुटता के लिए अपील की गई है।

संगठन के उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि मस्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, अध्यक्षता राज्य के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित होकर प्रदेशभर के शिक्षकों की भावनाओं को समझते हुए शिक्षा, शिक्षार्थी व राष्ट्रहित में मंथन करेंगे। सेन ने बताया कि शिक्षकों का यह राज्य स्तरीय सम्मेलन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर शिक्षक संघ के चार पुरुषार्थ पर पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा बिलासपुर, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर पालक अधिकारी शिक्षा समूह सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नारायण नामदेव का उद्बोधन प्राप्त होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आलोक शर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर, समाज और राष्ट्र निर्माण में पंच परिवर्तन पर गोपाल यादव पालक अधिकारी छग शिक्षक संघ सह प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छग का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सेन ने शिक्षकों से अपील की है कि रायगढ़ के इस शैक्षिक महा सम्मेलन में पधारकर शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इसके लिए जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला सचिव अविनाश लाल, प्रमुख संगठन मंत्री राजेन्द्र इंगोले, मानिक साहू, भागवत जगत सहित सरायपाली अध्यक्ष किशोर कुमार रथ, बसना, अध्यक्ष पीरित पटेल, पिथौरा अध्यक्ष रोहिणी देवांगन, बागबाहरा अध्यक्ष डोमन सिंह टंडन अपने अपने विकासखंडों में रायगढ़ सम्मेलन में जाने की तैयारी कर रहे हैं। उक्त जानकारी छग शिक्षक संघ की ओर से लता वैष्णव एवं आशा साहू ने दी है।

# उम्मीदों से भरा होगा नया साल 2026, बढ़ेगी विकास की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

नववर्ष 2026 का आगाज हो गया है। खट्टी मिठी यादों के साथ वर्ष 2025 को लोग हंसी खुशी विदा किया। नववर्ष के पहले पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का हुजूम लगा तो वहीं धार्मिक स्थलों पर लोग माथा टेक नववर्ष की शुरूआत की। वहीं नए साल के जश्न में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।

नए साल 2026 का आगमन पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। 31 दिसंबर की रात जैसे ही साल 2025 ने विदाई ली, वैसे ही नगर सहित अंचल में जश्न का माहौल छा गया। बीता वर्ष अपने साथ कई खट्टे-मीठे अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियां छोड़कर विदा हुआ। जबकि नए साल से लोगों को नई उम्मीदें, नई शुरुआत और बेहतर भविष्य की आस है। साल 2025 नगरवासियों के लिए कई मायनों में यादगार रहा। इस वर्ष जहां सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक स्तर पर चुनौतियां सामने आईं, वहीं सफलता, सहयोग और सकारात्मक बदलाव के कई पल भी लोगों की जिंदगी में जुड़े।

नए साल के स्वागत में युवाओं की भूमिका सबसे ज्यादा उत्साहपूर्ण रही। युवाओं की टोलियों ने संगीत, नृत्य और आतिशबाजी के साथ धूमधड़ाके से 2026 का स्वागत किया। कई जगहों पर केक काटे गए, तो कहीं दोस्तों के साथ मिलकर जश्न मनाया गया। सोशल मीडिया पर भी बधाइयों और शुभकामनाओं का दौर देर रात तक जारी रहा। जहां युवा वर्ग जोश में नजर आया, वहीं परिवारों और बुजुर्गों ने सादगी और शांति के साथ नए साल का स्वागत किया। मंदिरों में दर्शन, घरों में पूजा-अर्चना और आपसी मेलजोल के साथ लोगों ने नए साल में स्वास्थ्य, खुशहाली और क्षेत्र की तरक्की की कामना की। नए साल के पहले दिन लोगों में नए संकल्प और सकारात्मक सोच स्पष्ट नजर आई। व्यापारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, युवाओं को रोजगार और शिक्षा में सफलता की आस, तो किसानों और श्रमिक वर्ग को स्थिरता और उन्नति की उम्मीद है। आमजन का मानना है कि 2026 क्षेत्र के लिए विकास, शांति और समृद्धि का वर्ष साबित होगा। इस तरह पूरे अंचल में उत्साह, उल्लास और उम्मीदों के साथ नए साल 2026 का स्वागत किया गया और 2025 को यादों के पन्नों में सहेजते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

### 31 दिसंबर की रात जश्न में बदला शहर

31 दिसंबर की रात नगर सहित अंचल के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। रात 12 बजते ही पटाखों की आवाज, तालियों की गूंज और हैप्पी न्यू ईयर की शुभकामनाओं से वातावरण गूंज उठा। चौक-चौराहों, कॉलोनियों और मोहल्लों में लोग झूमते, गाते और एक-दूसरे को गले लगाकर नए साल की बधाइयां देते नजर आए।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर नांदगांव की गलियों में गूंजा जय-जय श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर ग्राम नांदगांव में आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। प्रातः राम की आरती, मंदिर परिसर में भजन एवं संगीतमय प्रस्तुति शारदा रानी मानस परिवार सोरिद की प्रस्तुति दी गई। पश्चात नगर भ्रमण के साथ जय-जय राम के जयकारे लगाए गए। अंत भोजन प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर योगेश पटेल, रामकुमार पटेल, विष्णु चंद्राकर, हरिराम पटेल, दीनू पटेल, रेवा पटेल, यादराम पटेल, पुराणिक पटेल, अनुरुद्ध चंद्राकर, उदय धीवर, कन्हैया धीवर, लेखराम पटेल, ओम प्रकाश पटेल, जनक चंद्राकर सहित ग्रामवासी का सहयोग रहा।



## तेंदूकोना के मड़ई मेला में शामिल हुए विधायक

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ग्राम तेंदूकोना में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्राम तेंदूकोना में मंडई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चन्द्राकर, सरपंच देवंतीन दीवान, दिनेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य रवि फरोदिया, धनंजय साहू, जितेंद्र साहू, कैलाश साहू, रमेश साहू, इंद्रभान साहू, तुलाराम साहू, मनीष अग्रवाल, अनिल सोनी, सतीश अग्रवाल मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मेला मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह अवसर अपनों से मिलने और संपर्क का माध्यम होता है। इससे हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का मौका मिलता है।

# खेल के साथ-साथ गांव के विकास में भागीदारी जरूरी : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना

सूर्या क्रिकेट क्लब पलसापाली (अ) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र के लोकप्रिय जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पलसापाली (अ) के सरपंच प्रतिनिधि वीरू यादव, अंकोरी सोसायटी अध्यक्ष मुरली नायक, आरके दास, क्रिकेट क्लब के उपाध्यक्ष विनोद प्रधान, श्याम प्रधान तथा उपसरपंच साहेब लाल, पंच रामकृष्ण नेताम प्रमुख रूप से मंचासीन रहे। अतिथियों का आयोजन समिति एवं ग्रामीणों द्वारा आतिशबाजी एवं पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। समापन मुकाबले में ओडिशा–जगदलपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करने के पश्चात अतिथियों ने सभी टीमों से खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द के साथ खेल प्रस्तुत करने की अपील की।



इस अवसर सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने युवाओं से खेल के साथ-साथ गांव के विकास एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन में सूर्या क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी भूषण सिदार, अविनेश प्रधान, जुगेश्वर बाघ, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, सुरज सिदार, विक्की नाग, विनय सिदार, विजयशंकर सिदार, भास्कर प्रधान, निलेश प्रधान, यशवंत साहू, साहिल सिदार, अभय साहू, जयदेव प्रधान, आकाश नेताम, उपेन्द्र प्रधान, रूपेश साहू, शशि देव भोई, कौशल सिदार सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# बिरकोनी में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा, निकाली शोभायात्रा



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा के आठवें दिन शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल से दोपहर 3 बजे मुख्यमार्ग से गाजे-बाजे व भजन कीर्तन के साथ भव्य शोभायात्रा में नचाते झूमते भक्त आकर्षक के केंद्र रहे। श्रद्धालुओं ने घर आंगन में स्वागत द्वार बनाकर श्रीमद्भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर श्रीफल भेंट किया। पुष्प वर्षा का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। वहीं फाटकों के साथ आतिशबाजी की गई। कथा वाचन करते हुए दीपक शर्मा ने द्वारिका धीश का गो लोक गमन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि कृष्ण का गोलोक गमन की लीला हमें प्रेरित करती हैं। कृष्ण अपने परम धाम लौटने और भौतिक जगत से अलग होने का प्रतीक है, और यह कथा उनके भक्तों को वैराग्य और परम सत्य का बोध कराती है। दूसरा प्रसंग में बताया कि श्रृंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए सांप ने राजा परिक्षित को डंस लिया और जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल रहा था, जो मृत्यु के अंतिम पड़ाव में था। लेकिन श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि कथा के श्रवण करने से जन्मजन्मांतरों के पापों का नाश होता है और विष्णुलोक की प्राप्ति होती है। संसार में मनुष्य को सदा अच्छे कर्म करना चाहिए, तभी उसका कल्याण संभव है। माता-पिता के संस्कार ही संतान में जाते हैं। संस्कार ही मनुष्य को महानता की ओर ले जाते हैं। श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। इस अवसर पर आयोजक सरपंच चंदन कुमार चन्द्राकर, प्रकाश चन्द्राकर, बलराम पटेल, सन्तोष शर्मा, भूपेन्द्र चन्द्राकर, फगुलाल साहू, गोविंद साहू, महावीर निषाद, लक्की चन्द्राकर, नरसिंग यादव, महावीर निषाद, रवि चन्द्राकर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने एडवांस कोर्स के समापन पर चंडी मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा

स्थानीय आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा ने चार दिवसीय आवासीय एडवांस मेडिटेशन कोर्स पर 70 प्रतिभागी सदस्यों के साथ मिलकर चंडी माता मंदिर परिसर में जागरुकता के उद्देश्य को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूरे परिसर की सफाई कर आसपास फैले कचरे, यत्र तत्र बिखरे प्लास्टिक झिल्ली, पॉलिथीन, डिस्पोजल गिलास को एकत्रित कर जलाया गया।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने माता के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालु भक्तजनों से भी अनुरोध किया कि परिसर को साफ सुथरा रखें, प्लास्टिक गिलास, झिल्ली आदि को यथा स्थान पर डालें।



उल्लेखनीय है कि विगत चार दिनों से बागबाहरा चंडी माता मंदिर के हाल में आर्ट ऑफ लिविंग का चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन (ध्यान एवं मौन) प्रोग्राम का आयोजन रहा। जिसमें विभिन्न प्रदेशों मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, ओडिशा, छत्तीसगढ़ आदि स्थानों से 70 सदस्यों ने भाग लिए। कोर्स के प्रशिक्षक उदयपुर राजस्थान के प्रवीण मेहता थे, जो अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं सुमेरु संध्या के गायक है। उन्होंने योगासन, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, मौन एवं ध्यान की बारीकियों को सरल ढंग से बताए एवं प्रतिदिन रात्रि में सत्संग में सुमधुर भजनों का गायन रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रशिक्षक प्रवीण मेहता द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षकगणों, चंडी माता मंदिर समिति के पदाधिकारीगणों एवं आर्ट ऑफ लिविंग की सेवा टीम को शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के सुरेश मोहंती ने सभी को नगर में चल रहे सेवा कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर सदस्यगण यशवंत जिंदल, नरेंद्र पटेल, विक्रमादित्य सिंह, शांतनु सिंह ठाकुर, नंदकुमार ध्रुवंशी, विकास अग्रवाल, जयकांत गंडेचा, लालचंद जैन, पुरुषोत्तम ओझा, शालिन देशपांडे, विश्वजीत सिंह, सुरेश मोहंती, राजेंद्र बाजपेयी, लक्ष्मी सोनी, कृष्णा चंद्राकर, बूटी भाई ध्रुवंशी, विद्या प्रसाद चंद्राकर, प्रहलाद मानिकपुरी, गोपाल सोनवानी, निखिल साहू, संतोष सोनवानी, मेघनाथ पटेल, राजेश चंद्राकर, मनीष अग्रवाल, भरत यादव, सुनील शुक्ला, राजेश यादव, महेंद्र गुप्ता, हर्षित शुक्ला, रमेश साहू, स्वप्निल देशपांडे, सीमा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, गीता पटेल, आस्था देशपांडे, दक्षा गंडेचा, बसंती साहू, श्रद्धा चंद्राकर, सुमन साहू आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में पांच घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में नववर्ष पर गुड़ी चौक में पांच घंटे का अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। गुरूवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक यह आयोजन हुआ। रंजीत चन्द्राकर ने कहा कि नववर्ष का स्वागत अध्यात्मिक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त को लेकर समाज के लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।



### गांव में अखबार वितरण

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड निवासी शोभाराम ध्रुव की पत्नी मिलो बाई ध्रुव द्वारा रोजाना सुबह 5 बजे से 1 किलोमीटर दूर पैदल चलकर हरिभूमि अखबार का वितरण गांव में किया जाता है। उसके बाद ही घरेलू काम काज में जुटती हैं।

### नववर्ष पर जीतू ने किया रक्तदान



**महासमुंद।** खरोरा के जीतू मनिकापुर ने नववर्ष पर पर रक्तदान किया। वे 2025 में तीन बार रक्तदान किया। साल 2026 की शुरुआत रक्तदान कर किया। जीतू ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से भी आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना की है।

### चंदूलाल चन्द्राकर की जयंती मनाई गई

**महासमुंद। संवेदना समूह खरोरा के** सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने वरिष्ठ पत्रकार चन्दूलाल चन्द्राकर की जयंती पर शत शत नमन किया।



चंद्राकर छत्तीसगढ़ की सामाजिक-राजनीतिक चेतना के सशक्त स्वर थे। वे एक कर्मठ पत्रकार, निर्भीक लेखक और जनभावनाओं से जुड़े पूर्व सांसद व केन्द्रीय मंत्री रहे। पत्रकारिता के माध्यम से उन्होंने सत्य, जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की सतत पैरवी की, वहीं संसद में रहते हुए क्षेत्र और समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया। चंद्राकर की पहचान साफ़-सुथरी सोच, सादगीपूर्ण जीवन और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से बनी। वे सत्ता या पद से ऊपर सिद्धांतों को मानते थे। उनकी लेखनी ने समाज को जागरूक किया और उनकी राजनीति ने जनविश्वास को मजबूती दी।



### नगर में दीप प्रज्वलित

**महासमुंद।** अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ पर शहर के मुख्य मार्ग में दीप प्रज्वलित की गई। मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर दीप जलाते भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू।

### निधन

### हीरा बाई सेन

**महासमुंद।** ग्राम खैराभाठा निवासी हीरा बाई सेन का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम भलेसर रोड में किया गया। वे छबिराम सेन की धर्मपत्नी व मुरारी सेन की मां थी।



---

**आयोजन:** भोथा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

# प्रतिभाओं को निखारने का उत्तम मंच है डीजे डांस प्रतियोगिता : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम भोथा में आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता में खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीजे डांस प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का उत्तम मंच होता है।

साल के आखिरी दिन ग्राम भोथा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के सभापति तुला राम ठाकुर, सविता ठाकुर, बल्ला राम जगत, कैलाश ध्रुव, बृजलाल ठाकुर, गौरी मुकेश ठाकुर मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसे युवक युवती है, जो अपनी प्रतिभा और कला से अभिभूत है। जिन्हें अपनी कला दिखाने के लिए एक सार्थक मंच की आवश्यकता होती है। यह वहीं मंच है, जिसके द्वारा युवा डांस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। ग्रामीणों ने कलाकारों को मंच देने का जो कार्य किया है वह सराहनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवानंद ठाकुर, टेमसिंग ठाकुर, पवन ठाकुर, टुकेन ठाकुर, नरेश ध्रुव, नेहरू चक्रधारी, सेतरम ठाकुर, पिलाराम ठाकुर, भानुप्रताप ठाकुर, संतराम ठाकुर, भारत ठाकुर, डिगेश ठाकुर, तुकेराम ठाकुर, डिगेश ठाकुर, चंदन ठाकुर, लालसिंग ठाकुर, बेदराम ठाकुर, गोलू ठाकुर, टिकेश ठाकुर, कौशल ठाकुर, पीलू ठाकुर, रेखराज ठाकुर, चोवलाल ठाकुर, खेमराज ठाकुर, हेमंत ठाकुर, भेखराम जगत, प्रेमसिंग ठाकुर, प्रेमलाल नागेश, थानेश ठाकुर, अमर सिंग ठाकुर, तेजन ठाकुर, विष्णु ठाकुर, थानसिंग ठाकुर, गोकुल नागेश, गौतम ठाकुर, संतोष ठाकुर, मुकेश ठाकुर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# शारदा इलेवन ने 6 विकेट से की जीत, अमन मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम तोरेसिंहा में आयोजित जेएमपी कप संयुक्त टूर्नामेंट शारदा इलेवन ने जीता। फाइनल मुकाबला जंगलबेड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें शारदा इलेवन ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। विजेता टीम को शानदार ट्राफी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कुमारी तथा अध्यक्षता सीएसपीडीसीएल के भूतपूर्व सेक्सन आफिसर पृथ्वीराज प्रधान थे। अतिथियों के आगमन पर गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अमन ग्वाल मैं आफ द टूर्नामेंट तथा मैंन आफ द मैच चुने गए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कमलेश भोई, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पोलेश मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ कीपर शुभम साहू, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक लव कुमार पटेल रहे। सभी प्रतिभा खिलाड़ियों को कप मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि प्रधान ने विजेता टीम शारदा इलेवन को शानदार जीत के लिए बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की। जिला पंचायत सभापति कुमारी ने कहा कि खेल केवल हार-जीत के लिए नहीं है, बल्कि इससे आपसी सामंजस्य, एकता, अनुशासन का भाव आता है। विशिष्ट अतिथि के रुप में सुनिता कुम्हार, सरपंच ग्राम पंचायत तोरेसिंहा, गिरधारी साहू अध्यक्ष कोलता समाज रायपुर संभाग, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत सरायपाली, गोकुल भोई सरपंच ग्राम पंचायत भुथिया, विनय पटेल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तोरेसिंहा, वीरेन्द्र साहू सोसायटी अध्यक्ष सेमलिया, शैलेन्द्र साहू अध्यक्ष फुलझर क्रिकेट संघ सरायपाली थे।

# श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में शामिल हुए खल्लारी विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम घोंच में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ अमृत कथा में शामिल होकर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भगवान राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर समस्त ग्राम व क्षेत्रवासियों के मंगल कामना की। विधायक यादव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। साथ ही कथा के आयोजन से सभी एकजुट होते हैं और कथा रसपान कर पूण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक चेतना समानता और समाज के एकीकरण तथा विकास में ऐसे कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत आदर्श जीवन का निचोड़ है। भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर देश व समाज को चलने की आवश्यकता है। भागवत से हमें अच्छाई को स्वीकारना चाहिए। अच्छी बातों को जीवन में अनुशरण करना चाहिए। बुराइयों को दूर करेंगे, तभी समाज में शांति की स्थापना होगी। इस दौरान कैलाश चंद साहू, दमयंती साहू, चन्द्रहास साहू, लेखी प्रभा साहू, देवेन्द्र साहू, जानकी साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

# गायत्री परिवार ने कराया 801 गर्भवती महिलाओं का गर्भोत्सव संस्कार, बना गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

संस्कारवान और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण की दिशा में गायत्री परिवार ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए सरायपाली और बसना विकासखंड की गर्भवती महिलाओं के लिए भव्य सामूहिक गर्भ संस्कार एवं गर्भोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस विशेष आयोजन में कुल 801 गर्भवती महिलाओं का विधिवत गर्भ संस्कार कराया गया। वहीं 700 गर्भवती महिलाओं को गर्भोत्सव किट का वितरण किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया के नेतृत्व में हुआ। इस आयोजन में युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार सरायपाली का विशेष सहयोग रहा, जिनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफल रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, उनके परिजन, स्वयंसेवक तथा गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और विधि-विधान के साथ गर्भ संस्कार कराया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। विद्वान आचार्यों द्वारा गर्भ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान सकारात्मक विचार, मंत्र जाप और संस्कारों का शिशु के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर गहरा प्रभाव पड़ता है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट का वितरण किया गया। सुपोषण किट में गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सामग्री शामिल रही। विभागीय प्रतिनिधियों ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गर्भ संस्कार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी को संस्कार, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि गर्भावस्था के दौरान ही शिशु को अच्छे संस्कार मिलें, तो समाज और राष्ट्र का भविष्य स्वतः ही उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी गर्भवती महिलाओं के सुखद, सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व की कामना की गई। यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है।

### दमन एंड दीव में खेलो इंडिया गेम्स 5 से, क्षितिपति करेंगे छग का प्रतिनिधित्व

**सरायपाली।** खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन आगामी 5 से 9 जनवरी तक केंद शासित राज्य दमन एंड दीव में किया जा यह है। यह प्रतियोगिता दीव के समुद्र तट पर घोगल बीच पर आयोजित है। जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलेंडा के व्यायाम शिक्षक व कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक क्षितिपति साहू का चयन उक्त प्रतियोगिता में हुआ है। क्षितिपति साहू खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के एकमात्र निर्णायक के रूप प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव ने हर्ष व्यक्त किए है। साथ युवा क्षेत्रीय खेल विकास समिति के सभी सदस्यों एवं स्कूल के प्राचार्य एन एल भोई के साथ शाला परिवार कलेंडा के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया है।



### ऑल इंडिया ड्यूज बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज, 4 को समापन

**सरायपाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीनाकाशी क्रिकेट मैदान में ऑल इंडिया ड्यूज बाल क्रिकेट टूर्नामेंट स्वर्गीय रघुवीर साहू की स्मृति में आयोजित किया गया। माँ रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के तत्वावधान में आल इंडिया एमएफसी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जो 4 जनवरी तक आयोजित है। टूर्नामेंट के प्रथम दिवस शुभारंभ अवसर पर प्रायोजक किरण कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश मित्तल, विशिष्ट अतिथि के रूप में दमयंती साहू जनपद सदस्य क्रमांक 6, अनिल मुन्ना सरपंच बैतारी एवं सभी पंचगण, अमित प्रधान (उपसरपंच), विष्णु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शंकर दयानंद अग्रवाल, मनीष बंसल, दयालाल पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, हेमंत कुमार नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संरक्षक सुनील साहू, अध्यक्ष नवीन साहू, उपाध्यक्ष नीरज प्रधान, सचिव अमित शनिकर, आशीष शनिकर, राजा साहू, मानस सेठ आदि सदस्य लगे हुए हैं।




# युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर को अंधविश्वास जागरुकता अभियान की सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

समाज में आज भी अंधविश्वास गहरी जड़ें जमाए

- अंधविश्वास के खिलाफ चलाया जाएगा व्यापक जनजागरूकता अभियान : दिनेश



उक्त विचार अंधविश्वास उन्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ अब शहरों में भी अंधविश्वास मानने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जगह-जगह नीम-हकीम, बैगा-गुनिया दुकानें खोलकर बीमार और भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं, जिससे लोग धन और स्वास्थ्य दोनों गंवा बैठते हैं। ऐसे में समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। इसी कड़ी में महासमुंद के युवा वैज्ञानिक एवं संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संचालक गौरव चंद्राकर ने अपनी टीम के साथ अंधविश्वास उन्मूलन समिति के प्रधान कार्यालय फूल चौक, रायपुर में अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्रा एवं समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर कोई नारी टोनही नहीं अभियान को लेकर सार्थक चर्चा की।

हुए है। छोटी बीमारियों से लेकर गंभीर रोगों तक के इलाज में आज भी लोग झाड़-फूंक, टोना-टोटका और ओझा-गुनिया जैसे अंधविश्वासों पर भरोसा कर रहे हैं। विज्ञान के इस आधुनिक युग में भी बच्चों के रोने या अचानक तबीयत बिगड़ने जैसी घटनाओं को बुरी नजर से जोड़कर बैगा-गुनिया के पास ले जाया जाता है, जो समाज के विकास में एक बड़ी बाधा है।

### आवारा कुत्तों से सावधानी बरतने एवं उपचार के परिपालन में हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आवारा कुत्तों से सावधानी बरतने एवं उपचार के परिपालन में वर्कशॉप आयोजित की गई। यह वर्कशॉप आयुक्त उच्च शिक्षा डा संतोष देवांगन के निर्देशन एवं प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ इस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर आयोजित एक जागरूकता अभियान है। पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाव एक सकारात्मक पहल एवं अत्यंत आवश्यक कदम है। इसके परिपालन के लिए महाविद्यालय में समिति का गठन किया गया है। इस समिति का नोडल अधिकारी डॉ जगदीश कुमार सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकी को नियुक्त किया गया है। साथ ही शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर (निदान) 1100 को महाविद्यालय मुख्य जगहों पर चस्पा किया गया है। इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता डॉ देवेश कुमार गिरी प्राचार्य शासकीय वेटेनरी पॉलिटेक्निक एवं डॉ गोविना देवांगन सहायक प्राध्यापक शासकीय वेटरनरी पॉलिटेक्निक उपस्थित रहे, जिन्होंने आवारा पशुओं से होने वाली बीमारिया, बचाव तथा इनके उपचार के संबध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इन्होंने महाविद्यालय परिसर को आवारा पशुओं से मुक्त बनाने उपाए भी बताए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ जगदीश कुमार सत्यम द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। बैठक में महाविद्यालय से डॉ रीता पांडे, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, दिलीप कुमार बढ़ाई, केशरचंद बनपाल, दिलीप लहरे, आशुतोष पुरी गोस्वामी, सरस्वती सेठ, अन्य अतिथि व्याख्याता एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। संचालन विजय कुमार मिर्चे अतिथि व्याख्याता राजनीति ने किया।

### छिंदौली में मनाई गई बाबा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम छिंदौली में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सरपंच विशेश्री साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि घनश्याम जोगी, शोभित कुर्रे, बबलू, राजेश, सुरेश, महेश, दिनेश, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता शालिग्राम का स्वरूप : रिंकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जाति-वर्ग, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर हिन्दुओं की एकजुटता ही हिन्दू सम्मलेन का उद्देश्य है। खानपान, पूजा पद्धति, भाषा-भूषा आदि में विविधता के बावजूद सभी हिन्दू एक हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की तपस्या का परिणाम है कि आज हिन्दू संगठित हो रहा है। भारत को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करना ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य है, इसके लिए जरूरी है कि व्यक्ति का राष्ट्रीय चरित्र सही हो इसके लिए शाखाओं का आयोजन किया जाता है। जहां व्यक्ति निर्माण किया जाता है। व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण सुनिश्चित होता है।

उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष पर पचरी मण्डल के ग्राम कुल्हरिया स्थित चंडी मन्दिर परिसर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाह रिंकू बैरागी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अनेक ठोकरों को झेलकर कोई पत्थर शालिग्राम बनता है, उसी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता अनेक संघर्षों के बाद निखरकर शालिग्राम की भांति तैयार होता है जो सदैव राष्ट्रसेवा को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लेता है। बैरागी ने संघ की स्थापना से अब तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राह में आने वाली चुनौतियों तथा प्रतिबंधों के विषय में बताते हुए संघ द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित नवागांव के समाजसेवी धरम पटेल ने हिंदुत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दू उदारवादी होता है, कुछ विधर्मियों ने हिन्दुओं को जाति और वर्ग में बांटने की कोशिश की परन्तु प्रत्येक हिन्दू को समझना चाहिए कि सभी हिन्दू एक हैं, ना कोई उच्च है ना कोई निम्न है। सुधा साहू ने पंच परिवर्तन के विषय पर विचार रखते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना मतलब अपनी जान बचाना है, परिवार के साथ सामूहिक भजन व भोजन से कुटुंब मजबूत होगा, तभी समाज मजबूत होगा और तभी राष्ट्र मजबूत होगा। पर्यावरण संरक्षण पर कहा कि पेड़, पानी और प्लास्टिक के उचित उपयोग से पर्यावरण नियंत्रित रहेगा, नागरिक कर्तव्यों के साथ अनुशासन का पालन ही देश को महान बनाता है।

**दूरस्थ ग्राम कुल्हरिया स्थित चंडी मन्दिर प्रांगण में हुआ हिन्दू सम्मेलन**

सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजसेवी जगन्नाथ डडसेना ने पर्यावरण पर अपनी स्वरचित कविता सुनाई, सम्मेलन की अध्यक्षता जोबा के समाजसेवी पवन दीवान ने की तथा स्वागत भाषण विद्यान्शु डडसेना ने प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक मनोज देवांगन ने पूज्य मां की अर्चना का एक छोटा उपकरण हूँ इस गीत से उपस्थित लोगों की काफी सराहना बटोरी। ग्राम जोबा की रामायण मंडली द्वारा रामचरित मानस प्रस्तुत किया गया। संचालन ग्राम बरेकेल के टुकेश्वर चक्रधारी ने किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख राधेश्याम सोनी, खण्ड कार्यवाह चन्दन डडसेना, सह बौद्धिक प्रमुख ओम नारायण शर्मा, सह संपर्क प्रमुख मनोज देवांगन, प्रचार प्रमुख देवेन्द्र निर्मलकर, सह प्रचार प्रमुख हेमन्त पंडा, समाज प्रमुख हीरालाल साहू, तुलसीराम दीवान, टेकराम भारती, भानू पटेल सहित पचरी मंडल से देवेन्द्र राय, द्रोण दीवान, रुद्र डडसेना, मेघनाथ साहू, राजेन्द्र कंवर, यशवंत साहू, सुशील दीवान, अर्जुन कोसरिया, जया आवडे, उर्मिला धृतलहरे तथा झलप मण्डल से राकेश साहू, ललिता अग्रवाल, सम्मी सलूजा, भूपेन्द्र चन्द्राकर, कुलजीत सलूजा, निर्भय नायक, टीकम पटेल आदि उपस्थित थे।

